# LOK SABHA

*Wednesday, November 17, 1965/ Kartika 26, 1887 (Saka)*

---

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Ministers' Visit Abroad

*268. **Shri Vishwa Nath Pandey:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of Central Government Ministers who went abroad on official visits during the period from 24th September, 1965 to 31st October 1965 and the names of the countries visited by them;

(b) the purpose of their visit; and

(c) the expenditure involved including the foreign exchange component?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi):** (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

**श्री विश्वनाथ पांडेय :** जो बड़े बड़े देश हैं उनमें भारतवर्ष की तरफ से दूतावास भी हैं और राजदूत भी हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या ये राजदूत भारतवर्ष का दृष्टिकोण सही तरीके से नहीं बता पाते, जिससे इनके रहते हुए केन्द्रीय सरकार को केन्द्रीय मंत्रियों



को भेजना पड़ता है ? क्या इसी कारण ये मंत्री भेजे गये थे या किसी अन्य कारण से भेजे गये थे ?

**Shri Hathi:** I have not said that they had all been for that purpose. I said that information is being collected.

**श्री विश्वनाथ पांडेय :** मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इंगलैंड में भी कोई आदमी भेजा गया था आपकी तरफ से ?

**श्री हाथी :** मेरे खयाल से इंगलैंड में तो इस बीच में कोई नहीं गया है।

**Shri A. S. Saigal:** How long will the Government take to collect the information?

**Shri Hathi:** It will not take long. The only point is, the hon. Member has asked for the expenditure involved; therefore, the figures for the expenditure involved there have to be collected.

**Shri P. R. Chakraverti:** In the context of planned development in India, may I know whether the Government has also considered it expedient to send the deputation of Ministers on a phased basis and not simultaneously?

**Mr. Speaker:** That is a different matter.

**श्री काशी राम गुप्त :** क्या मंत्री महोदय बतलाने की कृपा करेंगे कि जिस विषय के लिए वह गये थे वह तो पहले से निर्धारित होता है, उसकी जानकारी भी आप नहीं दे सकते हैं ?

**श्री हाथी :** वह है।

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Is it a fact that some persons, though not

actually Ministers, were made Ministers—the rank of Minister was conferred upon them—and were sent to certain capitals of Africa and Europe and, if so, who were those persons, which were those capitals and what were their achievements?

**Shri Hathi:** I am replying to questions on Ministers only.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** The rank of Minister was conferred upon them. So, they were Ministers; would you not agree, Sir?

**Mr. Speaker:** He says they were made Ministers.

**Shri Hathi:** Nobody was appointed as Minister.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Not appointed? The rank of Minister was conferred upon them.

**Mr. Speaker:** How can it be?

**Shri Hari Vishnu Kamath:** It was in the papers.

**Mr. Speaker:** Was any rank conferred on any person?

**Shri Hathi:** No, Sir.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Those who went to Cairo and Paris?

**Mr. Speaker:** Order, order. Shri Prakash Vir Shastri.

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री :** मैं यह जानना चाहता हूं कि विदेशी मुद्रा की कमी को ध्यान में रखते हुए क्या गृह मंत्रालय ने या भारत सरकार ने कुछ इस प्रकार का भी निश्चय किया है कि विदेशों में जो मंत्रिगण दौरे पर जायें उनकी संख्या जहां तक सम्भव हो कम की जाये ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके ?

**श्री हाथी :** जरूर ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय :** जो लोग विदेशों में गये थे उनके साथ क्या उनके परिवार के लोग और कुछ उनके निजी सचिव भी गये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार ने उनके खर्च का भी हिसाब लगाया है ?

**श्री हाथी :** खर्चे में जो एम्बेसीज का खर्चा होगा वह भी शामिल करना होगा । इसीलिए मैं ने कहा था कि इनफारमेशन टेबल पर रख दी जायेगी ।

**Shri Kapur Singh:** Is the impression, generally prevalent, true, that these visits, apart from diplomatic exigencies, are also motivated by, what is euphemistically called as, 'reasons of health?'

**Shri Hathi:** I do not think any of those cases was for reasons of health.

**श्री बड़े :** क्या मंत्री महोदय यह ठीक समझते है कि अपने मिनिस्टर बाहर भेजने के बजाय दूसरे देशों के मिनिस्टरों को ही यहां बुलाया जाये, जिससे फारिन एक्सचेंज में बचत हो सके ?

**श्री हाथी :** कुछ ऐसी बातें होती हैं कि उनके लिए वहां जाना जरूरी होता है ।

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** मैं जानना चाहता हूं कि प्रान्तीय सरकारों के मंत्रियों के लिए केन्द्रीय सरकार ने कितनी विदेशी मुद्रा रखी थी, और उन्होंने उसमें से कुछ बचा कर दी या कुछ और विदेशी मुद्रा की मांग की ?

**श्री हाथी :** इसका जवाब तो फाइनेन्स मिनिस्टर देंगे ।

**Shri Himatsingka:** Have these visits been occasioned on account of the weakness of our foreign embassies?

**Mr. Speaker:** That was the question put by the other hon. Member.

**Shri Hathi:** I have answered it.

**Shri Man Sinh P. Patel:** Is there any check by the Home Ministry while fixing the dates for the visits by the Cabinet Ministers?

**Shri Hathi:** No, Sir. The Home Ministry does not do it.

**श्री रामसेवक यादव :** मैं जानना चाहूंगा कि अप्रैल, मई, जून और जुलाई में जो केन्द्रीय मंत्री बाहर गये उन पर जो विदेशी मुद्रा खर्च हुई वह इससे ज्यादा थी या कम थी ?

**अध्यक्ष महोदय :** जून, जुलाई को तो पता नहीं ।

**Shri Warior:** Is there any arrangement with the Cabinet to see whether these visits are really essential for the administrative purposes or for any other purposes? Is the Cabinet screening it?

**Shri Hathi:** The Cabinet considers these cases.

**Development of Border Areas**

+

***269. Shri Yashpal Singh:**
**Shri Rameshwar Tantia:**
**Shri Himatsingka:**
**Shri Madhu Limaye:**
**Shri Bagri:**
**Shri Linga Reddy:**
**Shri A. N. Vidyalankar:**
**Shri R. S. Pandey:**
**Shri Rajeshwar Patel:**
**Shri Heda:**
**Shri P. C. Borooah:**
**Shri Kishen Pattnayak:**
**Shri Ram Sewak Yadav:**
**Shri Gulshan:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the steps taken for the development of the border areas in view of the threat from our neighbouring countries;

(b) whether Government propose to give licences for arms freely to the people of the border areas; and

(c) the steps taken to give training and facilities to keep the morale of the people high?

**The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra):** (a) It is presumed that the Hon'ble Members refer to the economic development and improvement of transport and communication in border areas. A number of measures for the economic development of these areas have been undertaken by the concerned State|Union Governments with substantial Central assistance. The details have been furnished in the reply to the Unstarred Question No. 2612 of 22nd September 1965 in the Lok Sabha.

A number of schemes for the improvement of road communications have also recently been sanctioned and some more schemes are under examination.

(b) and (c). This question has been engaging the attention of Government for sometime now. In the Conference of Chief Ministers held on 8th November, 1965, it was decided that the strength of Home Guards in the border areas should be increased.

**श्री यशपाल सिंह :** क्या मैं यह जान सकता हूं कि सीमावर्ती इलाकों के अन्दर ऐसा इन्तिजाम हो गया है कि उनका सीधा सम्बन्ध दिल्ली से टेलीफोन द्वारा रहे, या कोई ऐसी भी जगह है जिनका सीधा टेलीफोन द्वारा सम्बन्ध दिल्ली से नहीं है ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** जैसा मैं ने कहा, यातायात और कम्युनिकेशन्स की सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की है और बहुत सी जगहों का दिल्ली से सीधा सम्बन्ध है । मैं यह नहीं कह सकता कि किन किन जगहों का सीधा सम्बन्ध नहीं है । लेकिन बहुत स्थानों का दिल्ली से सीधा सम्बन्ध है ।

**श्री यशपाल सिंह :** क्या उस इलाके के सभी बालिग लोगों को हथियार दे दिये गये हैं या कुछ को नहीं दिये गये हैं ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** हम ने सब को हथियार देने की बात पर विचार किया लेकिन सोचा कि यह अच्छा नहीं होगा कि सब को इंडिस्क्रिमिनेटली हथियार दे दिये

जायें । सीमावर्ती इलाकों में होमगार्ड्स की संख्या बढ़ायी जायेगी ग्रौर उनको हथियार चलाने की शिक्षा भी दी जायेगी ।

**Shri Himatsingka:** In view of the fact that Pakistan always starts firing on border vilages, will the government consider the desirability of arming all able-bodied young men in these villages in border areas?

**Shri L. N. Mishra:** I have already said that this was discussed in the Conference of Chief Ministers. Some of the decisions taken at the conference were:

1. Arming of border population indiscriminately will not be advisable.
2. For effective arming of the civilian population in border areas, there need not be any scheme other than the home guard scheme and arming of the civilian population can be done within the framework of the home guard scheme.
3. In order to strengthen the border areas, such of those individuals and civil population as are to be given arms should be brought under the home guard scheme, so that effective control and check are also exercised over the use of arms.

**श्री मधु लिमये** : चीन के ग्राक्रमण का मुकम्मिल मुकाबला करने के लिए क्या सरकार ने सिक्किम ग्रौर भूतान को यह सलाह दी है कि वे वहां पर प्रजातांत्रिक हुकूमत कायम करें ताकि जनता में संतोष पैदा हो ग्रौर वह चीनी ग्राक्रमण का डटकर मुकाबला कर सके ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : यह तो उनका ग्रन्दरूनी मामला है, इसमें हम दखल नहीं दे सकते ।

**ग्रध्यक्ष महोदय** : डा० सिंघवी ।

**श्री मधु लिमये** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

**ग्रध्यक्ष महोदय** : नहीं ।

**श्री मधु लिमये** : सुनने के बाद ग्राप को पता लगेगा ।

मैं जानता हूं कि भूतान ग्रौर सिक्किम के बारे में विदेशी मामलों ग्रौर सुरक्षा के मामलों की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है । लेकिन ग्रगर ग्रन्दर सामन्तवादी ग्रौर दकियानूसी हुकूमत चलेगी तो प्रतिकार कैसे होगा क्योंकि चीन का वैचारिक हमला भी हो सकता है, वह गरीबी मिटाने की बात करता है ।

**Dr. L. M. Singhvi:** I would like to know whether certain State Governments have indicated to the Government of India that they are unable to shoulder the responsibility of paying for the home guards and that they need total assistance for these schemes, in view of the financial stringency experienced by them and if so, to what extent the Central Government propose to assist them in raising home guards and building up other civil defence schemes.

**Shri L. N. Mishra:** It is a fact that when the Home Ministers and Chief Ministers met here, they expressed their difficulty and said it would be difficult for them to bear the additional financial burden especially because these items were taken to be non-plan expenditure. This thing was taken into account and a suggestion has been made to change the pattern of central assistance under these heads.

**श्री किशन पटनायक** : क्या यह सही है कि 1964-65 में सीमावर्ती इलाकों में सड़क बनाने के लिये राजस्थान सरकार को एक लाख रुपये का ग्रनुदान दिया गया था, ग्रौर क्या इन कामों में ग्रभी तक इसलिए प्रगति नहीं हो पायी कि ग्रापसी झगड़े के कारण राजस्थान सरकार ने टाइम पर इंजीनियर मुकरर नहीं किये ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : उन मित्र की यह बात सही नहीं कि हमने 1 लाख रुपये दिये हमने तो एक लाख क्यों करोड़ों रुपये गुजरात और राजस्थान सरकार को दिये हैं सड़क आदि बनाने के लिये और वे जल्दी से जल्दी सड़क बना रहे हैं और उन्होंने उस दिशा में अच्छी प्रगति की है ।

**श्री रामसेवक यादव** : यह जो रुपया सीमावर्ती प्रान्तों को सड़क निर्माण और दूसरे कार्यों के लिए दिया जाता है उसमें क्या प्रगति हुई, काम में शिथिलता है या तेजी है इसकी जांच पड़ताल भी क्या प्रायः केन्द्रीय सरकार के द्वारा होती रहती है और जानकारी दी जाती रहती है यदि हां तो इस सम्बन्ध में तेजी लाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : दो तरह की बात है। जैसा मैंने पहले बतलाया एक आर्थिक विकास की बात है । तृतीय पंचवर्षीय योजना में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए बहुत सी योजनाएं हैं जिनका कि ब्यौरा बहुत बड़ा है । विशेष कर उनके प्रान्त उत्तर प्रदेश में बहुत ज्यादा विकास हुआ है वैसे दूसरे प्रान्तों में भी काम हो रहा है । जिस तरीके से प्लानिंग कमीशन का इवैलुएशन सैल दूसरी चीज़ों का इवैलुएशन करता है उसी तरीके से इनका भी करता है और हमारी निगरानी भी उसी हद तक है ।

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न था कि क्या केन्द्रीय सरकार अक्सर इस बारे में जानकारी लिया करती है ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : जैसा मैंने बतलाया प्लानिंग कमीशन में जो एक इवैलुएशन सैल है वह इन सब कामों का इवैलुएशन करता है । चूंकि केन्द्रीय सरकार राज्यों को अनुदान देती है और विशेष कर सीमावर्ती क्षेत्रों में 75 से 90 प्रतिशत तक भारत सरकार रुपया देती है इसलिए उसकी जवाबदेही बहुत ज्यादा होती है और हम इसकी देखरेख करते हैं ।

**श्री गुलशन** : क्या यह सत्य नहीं है कि सन् 1965 के अगस्त सितम्बर मास के पूर्व सरकार ने पूर्वी पंजाब और राजस्थान की सीमाओं की सुरक्षा के लिए कोई पक्का प्रबन्ध नहीं किया था यदि हां तो क्या मैं जान सकता हूं कि भविष्य के लिए जो हमारे सीमावर्ती इलाके हैं, राजस्थान है या पंजाब है या और भी सीमावर्ती इलाके हैं उनको जैसे कि पाकिस्तान ने इच्छोगिल नहर का एरिया सुरक्षा की दृष्टि से पक्का बनाया था क्या सरकार की भी ऐसी मंशा है कि पंजाब में अपनी सीमाओं को भी सुरक्षा की दृष्टि से वैसा ही पक्का बनाया जाय ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : माननीय सदस्य ने यह जो इच्छोगिल नहर की बात की है तो वह तो डिफेंस स्ट्रैटिजी की बात है कि कहां क्या चीज बनाई [illegible] यह रक्षा मन्त्रालय का काम है कि कहा कितना पक्का इन्तजाम किया जाय । जहां तक इच्छोगिल नहर का ताल्लुक है पाकिस्तान को उससे कोई खास फायदा हुआ या नहीं हुआ यह कहना कठिन है बाकी जहां तक राजस्थान व पंजाब दोनों की सीमाओं को सुदृढ़ करने की बात है तो हम वहां पर पुलिस पिकेट्स और पोस्ट्स बढ़ा रहे हैं । राजस्थान में खास कर हम उनकी संख्या बढ़ाना चाहते हैं । जहां तक पंजाब की सीमावर्ती पुलिस का सम्बन्ध है उसने बहुत अच्छा काम किया है बाकी जैसा मैंने अभी कहा राजस्थान में हम पुलिस पोस्ट्स और पिकेट्स की संख्या बढ़ाना चाहते हैं ।

**श्री गुलशन** : पहले भाग का उत्तर मिलना चाहिए जिसमें मैंने कहा था कि अगस्त सितम्बर मास से पहले कोई पक्का प्रबन्ध नहीं किया गया था . . .

**श्री ल० ना० मिश्र** : वह तो डिफेंस स्ट्रैटिजी की बात आपने पूछी थी और वह तो डिफेंस मिनिस्टरी बतला सकती है ।

**श्री विश्वनाथ पांडेय** : सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास करने के लिए उत्तर प्रदेश, पंजाब,

जम्मू काश्मीर व हिमाचल प्रदेश में अभी तक केन्द्रीय सरकार ने प्रान्तीय सरकारों को कितना धन सहायता के रूप में दिया है ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : जहां तक उनके उत्तर प्रदेश सरकार को सहायता देने की बात है बहुत से हलकों में हमने 75 से 90 प्रतिशत: तक दिया है, कहीं कहीं तो 100 प्रतिशत: भी दिया है । हिमाचल प्रदेश में एक जिले कश्मीर में 100 प्रतिशत: दिया है । कश्मीर में एक दूसरे पैट्रन के मातहत दिया है । कहीं कहीं 50 प्रतिशत: भी मदद दी है ।

**श्री गु० सिं० मुसाफिर** : बौरडर ऐरियाज के लोगों को आर्म्स का लाइसेंस देने का सवाल बड़ा पुराना और बड़ी देर से चल रहा है और कई जगहों पर जो हदें हैं वह कोई नेचुरल हदें नहीं हैं, दोनों देशों की सीमाएं साथ साथ लगती हैं इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि अगर वह इच्छोगिल नहर भारत व पाकिस्तान की हद होती तो भी कोई बात नहीं थी क्योंकि वह दोनों देशों के बीच एक नैचुरल हद हो सकती है तो मैं यह जानना चाहता हूं कि गवर्नमेंट का कोई इरादा भी है कि वह बौरडर के लोगों को ज्यादा लाइसेंस दे और अगर उसके मुताल्लिक़ कोई कदम उठाया गया है तो डैफनिट बताया जाये कि वह कदम क्या है ताकि यह रोज रोज जो सवाल उठाया जाता है वह खत्म हो और लोगों को मालूम हो सके कि उसके सम्बन्ध में गवर्नमेंट ने क्या डैफनिट क़दम उठाया है ।

**श्री ल० ना० मिश्र** : पंजाब सरकार इस पर सन् 54-55 से लगी हुई है और सन् 1957 में भी एक योजना आई थी और हमने उनको कहा था कि लिबरल बेसिस पर इन बौरडर एरियाज में इंडिविजुएल बेसिस पर लाइसेंस दिये जायं । लिबरल बेसिस के लिये जैसा कि आप जानते हैं आर्म्स ऐक्ट को अमेंड किया । पंजाब और सीमावर्ती क्षेत्रों में यह हिदायत है कि जहां तक हो सके सुविधा सार लोगों को आर्म्स के लाइसेंस दिये जायं । उसके अलावा पंजाब के जिलों में और कुछ सीमावर्ती जिलों में एक तरीक़े की योजना बनाना चाहते हैं जिससे कि ग्राम लोगों को वह राइफल ट्रेनिंग दी जा सके । माननीय सदस्य को यह भी मालूम ही होगा कि पिछले संकट के समय पंजाब व जम्मू क्षेत्र की ग्राम जनता के बीच में काफ़ी संख्या में राइफल्स दिये गये थे ।

**Shrimati Tarkeshwari Sinha:** May I know whether Government's attention has been drawn to development projects of Pakistan which have been converted into security projects during the time of emergency, like the Ichhogil Canal. In view of this, may I know whether Government considers any proposal to have development-*cum*-security projects throughout the border areas?

**Shri L. N. Mishra:** It relates to the question of defence strategy. I think the Defence Minister would be in a better position to answer this question. At the moment, we have no such plans.

**श्री शिव नारायण** : बौरडर एरियाज के डेवलपमेंट को मद्देनजर रखते हुए मैं यह जानना चाहता हूं कि बौरडर ऐरियाज में जो कालिजेज और हाई स्कूल्स चल रहे हैं वहां क्या यह एन० सी० सी० की ट्रेनिंग कम्पलसरी करने जा रहे हैं ? दूसरी बात इस सिलसिले में यह है कि हम कई वर्षों से बराबर यह मांग करते आ रहे हैं कि बस्ती जिला और गोरखपुर से होती हुई एक रेलवे लाइन डाली जाय लेकिन अभी तक वह नहीं बनी है जबकि यहां पर कहा जा रहा है कि 90 परसेंट तक मदद दी गई है तो मैं जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के डेवलपमेंट के लिए ऐक्चुएली कितना रुपया खर्च किया गया ?

**श्री ल० ना० मिश्र** : उत्तर प्रदेश की योजना में हमने मदद दी है । माननीय सदस्य

जानते ही हैं कि वहां पर चार, पांच नये जिले बने हैं, नये डिवीजन्स बने हैं । जो पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए उनकी योजना है उसके लिए हमने पैसा दिया है । जहां तक यह एन० सी० सी० का सवाल है तो वह तो सीमावर्ती क्षेत्र क्या और भी दूसरे क्षेत्र विद्यार्थियों के लिए कम्पलसरी है ।

**Shri Jashvant Mehta:** It has been our experience in the past that it is very difficult to cross the Kutch desert because there is no communication. What steps have the Government taken to improve the communication facilities in the border areas? What is the present position in that area? Has any time bound programme been chalked out for that purpose and, if so, what measures have been taken to implement that programme?

**Shri L. N. Mishra:** We have made a special provision for the development of road transport and communication in the border States of Rajasthan and Gujarat. We have made liberal allotments for this. A phased programme has been chalked out and we believe in a few months time we would be in a very good position in that regard.

**Shri Oza:** May I know whether it is true that a lot of delay has taken place in the construction of roads, particularly in Gujarat because of the reluctance of the Centre to delegate enough powers to the State Governments regarding sanctioning and accepting tenders?

**Shri L. N. Mishra:** There has been delay and we have suffered on account of that. I cannot say who is responsible for it. I can only say that we have made special provisions and things would improve.

**Shri Buta Singh:** In view of the recent war with Pakistan the industrial towns in the border area of Punjab, specially Cheharta, Amritsar and Ferozepur were completely damaged and as a result thereof the banks have refused to give any financial help to the industrialists. May I know whether the Government has given any direction to the Reserve Bank to help such industries? Has the Government any estimate of the loss that has been caused to the industries of Punjab? What steps do the Government propose to take to financially help those industries?

**Mr. Speaker:** It does not arise out of this question.

**Shri Buta Singh:** This question relates to the development of border areas.

**Mr. Speaker:** This relates to licences.

**Shri Buta Singh:** No, Sir. It is regarding the development of the border areas.

**श्री ल० ना० मिश्र** : अध्यक्ष महोदय, मैं इतना बतलाऊं कि यह जं मुख्य मन्त्रियों का सम्मेलन हुआ था उसमें यह बात उठाई गई थी और गृह मन्त्री ने कहा था कि सारे देश के जो रिसोंसेज हैं उनको पूल किया जाय, एक पूल में उनको डाला जाय और जहां जब जरूरत पड़े वहां पर मदद हो । जहां तक पिछले नुकसान का ताल्लुक है उसके भी सम्बन्ध में जैसा कि आप जानते है वित्त मन्त्रालय एक योजना बना रहा है ताकि उनके रिहैबिलिटेशन के लिए काम किया जा सके ।

**Shrimati Tarkeshwari Sinha:** On a point of order, Sir. Three or four questions have been asked as supplementaries about the development of border areas *vis-a-vis* that they should be defence-orientated and the hon. Minister has replied that it is the responsbility of the Defence Ministry. The border areas are under the control of either the State Governments or the Ministry of Home Affairs; they are not the responsibility of the Defence Ministry. May we have a categorical answer as to whose responsibility is this?

**श्री मधु लिमये** : किसी की भी नहीं ।

**Shrimati Tarkeshwari Sinha:** This kind of throwing the responsibility on the Defence Ministry, I do not think, is quite justified. That is my point of order.

**Mr. Speaker:** He has said about the canal and other things. He is acknowledging his responsibility. He has said that it is his. **श्री बड़े ।**

**श्री रामेश्वरानन्द** : अध्यक्ष महोदय, मेरा नम्बर है । आपने मुझे बुलाया था ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने आपको बुलाया था, लेकिन आप बैठ गए और आपने सवाल नहीं पूछा ।

**श्री रामेश्वरानन्द** : मैं प्रश्न पूछने के लिए खड़ा हुआ था, लेकिन दूसरे माननीय सदस्य धक्के से बोल गए ।

**अध्यक्ष महोदय** : रोज यह सवाल उठता है । आप खड़े थे, लेकिन जब मैंने आपका नाम बुलाया, तो आप बैठ गए । मैं क्या करता ?

**श्री रामेश्वरानन्द** : माननीय सदस्य धक्के से बोलने लग गए । इसलिए मैं बैठ गया ।

**अध्यक्ष महोदय** : वह धक्के से नहीं बोलने लग गए । मैंने उनका नाम लिया, तो उन्होंने सवाल पूछा ।

**श्री हरि विष्णु कामत** : सदन में धक्के से बोलने का क्या मतलब है ?

**Shri Buta Singh:** Sir, I protest against the word "dhakka". Swamiji uses "dhakka"; we have never used "dhakka" either inside or outside Parliament.

**श्री बड़े** : प्रश्न के पहले भाग में यह पूछा गया कि "इन व्यू आफ़ दि ग्रेट फाम ओवर नेबरिंग कण्ट्रीज" बार्डर एरियाज के डेवेलपमेंट के लिए क्या कदम उठाए गए हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या राजस्थान के जैसलमेर एरिया में रास्ते तैयार करने के लिए ठेके दिए गए हैं और क्या वे तैयार हो रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से यह प्रचार किया जा रहा है कि उसने जसलमेर में बारह पोस्ट्स ले ली हैं । मैं यह भी जानना चाहता हूं कि रिसेंटली राजस्थान को कितना पैसा दिया गया है ।

**श्री ल० ना० मिश्र** : हम राजस्थान और जेसलमेर के क्षेत्र की तरफ़ खास ध्यान दे रहे है और वहां सड़कें बना रहे हैं । अध्यक्ष महोदय, मैं यहां एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं । एक माननीय सदस्या ने कहा कि हम डिफ़ेंस मिनिस्ट्री पर रेस्पांसिबिलिटी थाप रहे है ; यहां पर इस बारे में दो बातें उठाई गई हैं— एक डिफ़ेंस स्ट्रेटेजी और दूसरी, फ़िनांशल और इकानोमिक डेवेलपमेंट का । जहां तक डिफ़ेंस स्ट्रेटेजी का सवाल है, वह डिफ़ेंस मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी है । इकानोमिक डेवेलपमेंट फ़िनांस मिनिस्ट्री का सवाल है । लेकिन बार्डर्ज की रक्षा करना, जब तक कि वहां पर युद्ध की स्थिति उत्पन्न न हो जाये, हमारी जवाबदेही है और हम उससे भागना नहीं चाहते हैं । वह हमारी जवाबदेही है और हमने उसको दूसरे पर फेंकने की कोशिश नहीं की है । यह कहना अनुचित है कि हमने डिफ़ेंस मिनिस्ट्री पर अपनी जवाबदेही फेंकी है ।

**Machinery for Redress of Public grievances**

+

***271. Dr. L. M. Singhvi:**
**hri D. C. Sharma:**
**Shri P. C. Borooah:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government have finally evolved a plan for establishing an adequate institutional machinery for the redress of public grievances;

(b) if so, the broad features thereof; and